एनएचपीसी कॉर्पोरेट ऑफिस, फरीदाबाद के 'पूर्व-कर्मचारी सुविधा प्रकोष्ठ (मासं)' द्वारा मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, के सहयोग से एनएचपीसी से सेवानिवृत हो चुके कर्मचारियों के लिए दिनांक 10.07.2026 को वैशाली, गाजियावाद में एक 'हेल्थ टॉक' और 'बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) जागरूकता कार्यक्रम' आयोजित किया।

उक्त जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन एनएचपीसी की महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवा) डॉ. सतरूपा भट्टाचार्जी; मैक्स हेल्थकेयर के निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. गौरव अग्रवाल; उप. महाप्रबंधक(मा.सं) श्री संजीव कुमार, चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. नीलम बंसल और मैक्स हेल्थकेयर के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट श्री परमानंद कौशिक ने किया।

सेवानिवृत हो चुके कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और बीमारियों से बचाव के तरीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें स्वस्थ जीवन-शैली, बीमारियों से बचाव और इमरजेंसी में की जाने वाली कार्रवाई पर विशेषज्ञ व काफी अनुभवी डॉक्टर के सेशन शामिल थे। इस कार्यकर्म में लगभग 50 पूर्व कर्मचारी एवं उनके पति / पत्नी ने भाग लिया।

मैक्स हॉस्पिटल, वैशाली के जाने-माने मेडिकल विशेषज्ञ - जैसे कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. विवेक कुमार, ऑर्थोपेडिक्स और जॉइंट रिप्लेसमेंट के निदेशक डॉ. राजेश वर्मा और इमरजेंसी मेडिसिन के कंसल्टेंट डॉ. अभिषेक कुमार ने सेवानिवृत हो चुके कर्मचारियों के लिए ज़रूरी स्वास्थ्य मुद्दों पर जानकारीपूर्ण प्रेजेंटेशन दिए।

विशेषज्ञ ने बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) तकनीकों - जिसमें कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (CPR) भी शामिल है, का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया, जिससे प्रतिभागियों को जीवन सुरक्षित करने के लिए ज़रूरी तरीकों की अभ्यासपूर्ण जानकारी मिल सके।

मैक्स हेल्थकेयर के लर्निंग एंड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट के श्री कमल भारद्वाज ने 'क्रिएटिव थिंकिंग' (रचनात्मक सोच) और 'रिटायरी एंगेजमेंट' (रिटायर हो चुके लोगों की भागीदारी) पर एक खास सेशन आयोजित किया, जो इस प्रोग्राम की मुख्य आकर्षणों में से एक रहा। इस इंटरैक्टिव सेशन ने लोगों की सक्रिय भागीदारी को बढ़ावा दिया और रिटायर हो चुके लोगों को रचनात्मकता, सकारात्मक सोच और सार्थक सामाजिक जुड़ाव को समझने-परखने का एक दिलचस्प मंच दिया। प्रतिभागियों ने इस गतिविधि का भरपूर आनंद लिया इसमें उत्साह, खुशी और सक्रिय भागीदारी देखने को मिली।

इस कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मचारियों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया व उन्होंने इस पहल की बढ़कर प्रशंसा किए और मेडिकल एक्सपर्ट्स के साथ आपसी संवाद वाले सेशन में सक्रिय रूप से शामिल हुए जिससे पता चलता है कि, सेवानिवृत हो चुके कर्मचारियों की सेहत, भलाई और उनसे सार्थक जुड़ाव, जीवन की गुणवत्ता को बढ़ावा के लिए निगम लगातार प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम की मुख्य झलकियाँ:


NHPC Limited






MAX
Healthcare
25
Healthy
Heart
DR VIVEK KUMAR
MBBS (Gold Medalist), MD, DM, FSCAI
Preceptorship Cleveland Clinic, USA
TAVI Preceptorship The Mount Sinai Hospital, USA
Director Interventional Cardiology & Cardiac Electrophysiology
Head structural Heart Program
Max Super Speciality Hospital, Vaishali




MAX
Healthcare
Max Super Speciality Hospital
in association with NHP
welcomes you
Friday, 10th July
Orthopaedics
Health Talk









